# भाखड़ा ब्यास प्रबन्ध बोर्ड सचिवालय

**सैक्टर 19-बी, मध्य मार्ग, चण्डीगढ़-160019**

**प्रैस विज्ञप्ति    दिनांक 14.10.2020**

विषयः    कोविड-19 पर "जन आन्दोलन अभियान"

आज, दिनांक 14.10.2020 को श्री हरमिन्द्र सिंह चुघ, सदस्य, विद्युत ने भाखड़ा ब्यास प्रबंध बोर्ड में कोविड-19 "जन आन्दोलन अभियान" पर बोर्ड सचिवालय के 35 अधिकारियों को शपथ दिलाई और शेष कर्मचारियों ने अपने-अपने कार्यालयों में सामाजिक दूरी को बनाए रखते हुए शपथ ग्रहण की। "जन आन्दोलन अभियान" का शुभारम्भ माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा किया गया, उन्होंने शारीरिक दूरी, हाथों की साफ-सफाई और चेहरे पर मास्क लगाने पर ज़ोर दिया।

इस अवसर पर श्री हरमिंद्र सिंह चुघ, सदस्य, विद्युत ने भाखड़ा ब्यास प्रबंध बोर्ड द्वारा कोविड-19 की महामारी के दौरान की गई सहायता संबंधी विभिन्न गतिविधियों के बारे में बताया, जिनमें चण्डीगढ़ सहित सभी परियोजना केन्द्रो में गरीबों और प्रवासी लोगों को किरयाने का सामान, भोजन के पैकेट और पानी की बोतले प्रदान की गई।

इसके अलावा, उन्होने बीबीएमबी अस्पताल के सभी कोरोना वॉरियर्स (डाक्टरों और अन्य पैरा मेडिकल स्टाफ) की महामारी के दौरान सम्पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ आम जनता के लिए प्रदान की गई सेवाओं की सराहना की।

उन्होने महामारी के दौरान सभी उत्पादन लक्ष्यों को पार करने और भागीदार राज्यों की पानी की मांगों को पूरा करने के उल्लेखनीय प्रयासों के लिए इंजीनियरो और कर्मचारियों की प्रशंसा की।

सचिव

सेवा में

समाचार सम्पादक